**मंगलवार**
03 अक्टूबर 2023



**पृष्ठ 4**

**कौन सी बीमारी में केला नहीं खाना चाहिए**



**पृष्ठ 5**

**सारा का पहली बार पर्दे पर दिखेगा धाकड़ अवतार**



● देहरादून
● वर्ष 31
● अंक 235
● पृष्ठ 8
● मूल्य ₹ 1.00

# दून वैली मेल

**सांध्य दैनिक**
आर.एन.आई.- 59626/94
email: doonvalley_news@yahoo.com Website: dunvalleymail.com
डीएवीपी से मान्यता प्राप्त

**आज का विचार**

निराशा के समान दूसरा पाप नहीं। आशा सर्वोत्कृष्ट प्रकाश है तो निराशा घोर अंधकार है।
– रश्मिमाला

## 28 नवंबर से 6वाँ विश्व आपदा प्रबन्धन सम्मेलन दून में: धामी

संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि 28 नवम्बर से एक दिसम्बर तक 6वां वैश्विक आपदा प्रबन्धन सम्मेलन का आयोजन दून में किया जा रहा है तथा पदम विभूषित अमिताभ बच्चन सम्मेलन के ब्रांड एम्बेसडर होंगे।

आज यहां मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सचिवालय, स्थित मीडिया सेंटर में 6वाँ वैश्विक आपदा प्रबन्धन सम्मेलन के सम्बन्ध में प्रेस वार्ता की। इस दौरान वैश्विक आपदा प्रबन्धन सम्मेलन के लिए अमिताभ बच्चन के वीडियो संदेश का प्रसारण भी किया गया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा 6वाँ विश्व आपदा प्रबन्धन सम्मेलन 28 नवंबर से 01 दिसंबर 2023 तक देहरादून में उत्तराखण्ड राज्य आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण, डी.एम.आई.सी.एस. हैदराबाद तथा उत्तराखण्ड राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद (यू कॉस्ट) के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन, रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन, परमाणु ऊर्जा आयोग के प्रमुखों, भारत सरकार के मुख्य वैज्ञानिक सलाहकार के साथ ही विश्व




के प्रमुख संस्थानों के प्रतिनिधियों, संयुक्त राष्ट्र संघ, देश-विदेश के जलवायु विशेषज्ञों को विशेष रूप से आमंत्रित किया जा रहा है। सम्मेलन में आपदा प्रबंधन के

### ❑अमिताभ बच्चन होंगे सम्मेलन के ब्रांड एबेंसडर

क्षेत्र में देश एवं दुनिया भर के विशेषज्ञों के बीच मंथन होगा।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि 6वें विश्व सम्मेलन का प्राथमिक उद्देश्य हिमालयी पारिस्थितिकी तंत्र और समुदायों पर ध्यान केंद्रित करते हुए जलवायु परिवर्तन और आपदा प्रतिरोध की चुनौतियों पर चर्चा करना एवं उनका समाधान करना है। इसके अतिरिक्त सम्मेलन का उद्देश्य उत्तराखण्ड को आपदा प्रतिरोध कता और तत्परता के लिए जलवायु अनुकूली समाधानों के केंद्र के रूप में विकसित करना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वैश्विक आपदा प्रबन्धन सम्मेलन से आपदा प्रबन्धन की गंभीरता व विशेष रूप से उत्तराखण्ड राज्य और हिमालयी क्षेत्रों की आपदा से जुड़ी चुनौतियों के समाधान के लिए विश्व स्तर पर किये जा रहे चिन्तन व प्रयासों को गति मिलेगी। मुख्यमंत्री ने बताया कि छठें विश्व सम्मेलन का उद्घाटन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृह एंव आपदा प्रबन्ध न मंत्री अमित शाह को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित के लिए अनुरोध किया जाएगा।

पद्म विभूषित अमिताभ बच्चन सम्मेलन के ब्रांड एंबेसडर के रूप में सहभागी होंगे। इस दौरान सचिव आपदा रंजीत सिन्हा, महानिदेशक यूकोस्ट प्रो. दुर्गेश पंत एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

## राजधानी दून में महसूस हुए भूकम्प के झटके, लोग घरों से बाहर निकले

संवाददाता

देहरादून। राजधानी दून में भूकम्प के तेज झटके महसूस होने पर लोग घरों से बाहर निकल गये। भूकम्प की तीव्रता 5.5 आंकी गयी है। इसका केन्द्र नेपाल बताया जा रहा है।

आज यहां दोपहर 2 बजकर 53 मिनट पर दून में भूकम्प के झटके लगने से लोगों में दहशत फैल गयी और लोग अपने घरों से बाहर निकल आये। दोपहर में आये भूकम्प से काफी देर तक लोग अपने घरों से बाहर रहे। भूकम्प की तीव्रता 5.5 आंकी जा रही है। पहाड़ से मैदान तक भूकंप महसूस हुआ। राजधानी देहरादून समेत, श्रीनगर, उत्तरकाशी, टिहरी व पूरे कुमाऊं मंडल में भूकंप आया। इस दौरान करीब पांच सेकंड तक धरती हिलती रही। हालांकि अभी तक कहीं से भी किसी तरह के नुकसान की कोई खबर नहीं है। जानकारी के अनुसार, रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 5.5 रही। वहीं, भूकंप का केंद्र जमीन से 10 किलोमीटर नीचे नेपाल में था।

वहीं हिमालय के सरोकारों से जुड़े होने के कारण वर्ल्ड हिमलायन यूनियन




### ❑भूकम्प की तीव्रता 5.5 आंकी गयी

के अध्यक्ष व हिमालय बचाओ आंदोलन के संयोजक विधायक किशोर उपाध्याय ने हिमालयी राज्यों के राज्यपालों व मुख्यमंत्रियों को पत्र लिखकर आग्रह किया है कि वाडिया हिमालय भू-विज्ञान संस्थान ने निकट भविष्य में हिमालय और उसके सन्निकट क्षेत्रों में प्रचंड भूकंप आने की प्रबल संभावना जताई है। अनियोजित विकास और अवैज्ञानिक हिमालयीं सम्पदा का दोहन इस तरह की त्रासदी में आग में घी का काम करते हैं। उपाध्याय ने सुझाव दिया है कि अगर इस तरह की संकट की स्थिति आती है तो अभी से उससे निबटने के लिये वैज्ञानिक दृष्टिकोण से तैयारी की जानी चाहिये। आज भी यहाँ भूकंप के झटके लगे हैं।

## भारत सरकार ने कनाडा से 10 अक्टूबर तक 40 राजनयिकों को वापस बुलाने को कहा

नई दिल्ली। खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या पर कनाडा के बेबुनियाद आरोपों के बाद भारत सरकार ने बड़ा एक्शन लिया है और कनाडा को खुली चुनौती देते हुए कनाडा को अपने दर्जनों राजनयिकों को वापस बुलाने को कहा है। बताया जा रहा है कि भारत सरकार ने कनाडा से उसे 10 अक्टूबर तक लगभग 40 राजनयिकों को वापस बुलाने को कहा है। बता दें कि कनाडा के सरे में 18 जून को एक गुरुद्वारे के बाहर आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस पर कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने हाल ही में कनाडाई संसद में बहस के दौरान दावा किया था कि भारत सरकार के एजेंटों ने कनाडाई नागरिक की हत्या को अंजाम दिया। हालांकि, भारत ने इन दावों को खारिज कर दिया है और इसे बेतुका और प्रेरित बताया है। वहीं, कनाडा ने अब तक हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के दावे में कोई सार्वजनिक सबूत उपलब्ध नहीं कराया है। भारत के इस एक्शन पर कनाडा की तरफ से कोई बयान नहीं आया है।



## दिल्ली पुलिस का 5 पत्रकारों के घर छापा

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने मंगलवार सुबह दिल्ली-एनसीआर में न्यूज पोर्टल 'न्यूजक्लिक' से जुड़े लोगों के ठिकानों पर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान दिल्ली पुलिस ने न्यूजक्लिक से जुड़े लोगों के घरों से लैपटॉप, मोबाइल, हार्ड डिस्क आदि जब्त किया है। जिन लोगों के घर छापेमारी की गई, उनमें कुछ पत्रकार भी शामिल हैं, जिनमें अभिसार शर्मा, उर्मिलेश, संजय राजौरा, भाषा सिंह, प्रबीर पुरखयस्थ, अनिंद्यो चक्रबर्ती, सोहैल हाशमी शामिल है। अभिसार शर्मा पिछले 15 वर्षों से टेलीविजन इंडस्ट्री से जुड़े हुए हैं। उन्हें 2008-2009 में देश के सर्वोच्च पत्रकारिता पुरस्कार 'रामनाथ गोयनका' अवार्ड से सम्मानित किया गया था। फिलहाल,

NEWSCLICK

अभिसार शर्मा पत्नी आईआरएस ऑफिसर सुमना सेन और दो बच्चों के साथ एनसीआर में रहते हैं। अभिसार शर्मा ने पंजाब विश्वविद्यालय चंडीगढ़ से पत्रकारिता में डिप्लोमा किया। 1995 में समाचार और करंट अफेयर्स पत्रिका न्यूट्रेट से करियर की शुरुआत की। 1996 में बतौर रिपोर्टर जी न्यूज से जुड़े। अभिसार एक यूट्यूबर भी हैं, जिनके लाखों सबसक्राइबर हैं।

पत्रकार भाषा सिंह पिछले 25 साल से पत्रकारिता में एक्टिव हैं। वे पत्रकारिता के अलावा राइटिंग करती हैं और डॉक्यूमेंटरी भी बनाती हैं। भाषा सिंह को भी 'रामनाथ गोयनका पुरस्कार' मिल चुका है।

सीनियर उर्मिलेश सिंह भारतीय पत्रकार, टेलीविजन एंकर और लेखक हैं। वह 2010 से 2012 तक राज्यसभा टीवी के कार्यकारी निदेशक रहे। उन्होंने हिंदुस्तान और नवभारत टाइम्स जैसे अखबारों में काम किया। फिलहाल, उर्मिलेश न्यूजक्लिक में रीडर्स एडिटर हैं।

सीनियर पत्रकार प्रबीर पुरकायस्थ न्यूजक्लिक के एडिटर हैं। पत्रकार बनने से पहले उन्होंने इंजीनियरिंग की डिग्री ली थी। प्रबीर पुरकायस्थ ने ही न्यूजक्लिक की स्थापना की थी।

दून वैली मेल

## संपादकीय

# फिर वही मंडल-कमंडल की राजनीति

आजादी के 75 सालों में भले ही हमारे देश ने तमाम क्षेत्रों में विकास के कीर्तिमान स्थापित करने में सफलता हासिल कर ली हो और हम चांद पर पहुंच गए हो लेकिन आजादी के अमृत काल का ढिंढोरा पीटने वाली देश की राजनीति अब तक मंडल और कमंडल से आगे एक कदम भी नहीं बढ़ सकी है। धर्म-जाति, मंदिर-मस्जिद और अगड़े पिछड़ों की अंकगणित में उलझी देश की राजनीति और नेताओं ने अभी अपनी समूची ताकत इसमें झोंक रखी है। बिहार से आए जातिगत जनगणना के आंकड़ों से यह साफ हो चुका है कि 2024 के लोकसभा चुनाव में एक बार फिर मंडल कमंडल का मुद्दा ही हावी रहने वाला है। देश के इस पहले जातिगत जनगणना के सर्वे को लाकर विपक्षी दल जहां सामाजिक न्याय की लड़ाई को पिछड़ों को अधिक आरक्षण और उनके उत्थान के लिए सरकारी योजनाएं बनाने का तर्क दे रहा है वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कल विपक्ष पर जाति-पाती की राजनीति करने और समाज को बांटने का आरोप लगाते हुए कहा है कि उन्हें विकास रास नहीं आ रहा है। 1990 के दशक में तत्कालीन बीपी सिंह के नेतृत्व वाली सरकार की मंडल राजनीति को भले ही भाजपा ने अपनी कमंडल की राजनीति से परास्त कर दिया हो लेकिन जाति आधारित आरक्षण का जिन्न एक बार फिर बोतल से बाहर आ चुका है। 1951 की जनगणना के समय देश में 55 फीसदी के आसपास पिछड़े थे। बिहार की नीतीश कुमार सरकार द्वारा जो सर्वेक्षण कराया गया है उसमें पिछड़ों की आबादी 63 फीसदी से अधिक हो गई है। विपक्ष के नेताओं का कहना है कि आबादी में हिस्सेदारी अनुपात में ही पिछड़ों को आरक्षण मिलना चाहिए। बिहार ने देश में जातीय जनगणना करा कर इतिहास रच दिया है। इससे पहले भी कई राज्यों द्वारा जातीगत जनगणना के प्रयास किये जा चुके हैं यह अलग बात है कि उन्हें इसमें कामयाबी नहीं मिल सकी। इन राज्यों में कर्नाटक, तेलंगाना, उड़ीसा, महाराष्ट्र सहित कई राज्य शामिल है। बिहार में भी जातिगत सर्वेक्षण पर कई बधाएं आई लेकिन बिहार सरकार ने इसे मुकाम तक पहुंचा ही दिया। 2011 में यूपीए सरकार ने देश में आर्थिक सर्वेक्षण कराने का प्रयास किया गया था सरकार की योजना थी कि आर्थिक रूप से पिछड़ों के हितों को ध्यान में रखकर ही आगे की सरकारी योजनाएं बनाई जाए लेकिन सर्वे पूरा होने के बाद भी यह फाइल इस मंत्रालय से उस मंत्रालय तक दौड़ती रही और कोई सार्थक परिणाम नहीं निकल सका। बिहार सरकार के इस सर्वे ने एक बार फिर इस मुद्दे को चर्चाओं के केंद्र में ला दिया है। सरकार पर अब पूरे देश में जातिगत सर्वेक्षण का दबाव बढ़ना तय है 2024 के चुनाव परिणाम पर इस सर्वे का गंभीर प्रभाव पड़ सकता है। अभी हाल ही में केंद्र सरकार द्वारा लाये गए महिला आरक्षण बिल में ओबीसी को आरक्षण से विरत रखा गया था जिस पर तमाम सवाल उठाये गये थे। अन्य पिछड़ा वर्ग जिसे ओबीसी कहा जाता है वर्तमान में उन्हें 27 फीसदी आरक्षण दिया जा रहा है जबकि उनकी समाज में हिस्सेदारी 63 फीसदी है। इस जातीय सर्वे से आरक्षण की व्यवस्था पर अब सवाल उठना लाजिमी है। केंद्र सरकार पर भेदभाव की राजनीति करने का आरोप लगाना भी स्वाभाविक है। देखना दिलचस्प होगा कि 2024 के चुनाव में अब मंडल और कमंडल के लिए होने वाली जंग देश की राजनीति में क्या गुल खिलाती है?

# ऐननडेल पब्लिक स्कूल की नंदिनी ने किक बॉक्सिंग में जीता सिल्वर मेडल

देहरादून (कासं)। ऐननडेल पब्लिक स्कूल की नवी कक्षा की छात्रा ने खेलो इंडिया खेलो प्रतियोगिता 38 किलो वेट पर किक बाक्सिंग में राज्य लेवल नैनीताल को हराकर सिल्वर मैडल जीतकर दूसरे स्थान पर आई है।




स्कूल के प्राचार्य आनंद ने बताया कि इस गेम में ऐननडेल पब्लिक स्कूल की तरफ से विजयी अभियान की शुरुआत हुई हैं। नंदिनी को आगे भी उसका बॉक्सिग के क्षेत्र में मार्ग दर्शन करके उसे अग्रपथ पर बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करेंगे।

उन्होंने सरकार से अनुरोध किया कि वह इस खिलाड़ी को राज्य स्तर से राष्ट्रीय स्तर तक खेलने के लिए अपना योगदान दे ताकि नंदिनी एक अच्छी खिलाड़ी उभरक देश के सामने आए तथा अपने माता पिता का, अपने विद्यालय और अपने राज्य का नाम रौशन करे। नंदिनी को स्कूल के प्राचार्य ने स्कूल की तरफ से सम्मानित किया। इस अवसर पर बी एस रावत, मेघा, हेमवती,अंजना,मंजू आदि लोग उपस्थित थे।

*अपां फेनेन नमुचेः शिर इन्द्रोदवर्तयः।*
*विश्वा यदजय स्पृधः॥*
(ऋग्वेद ८-१४-१३)

हे आत्मा ! जब तुम अपने आंतरिक शत्रुओं (काम, क्रोध, लोभ, मोह, द्वेष, आदि) को पछाड़ती हो तो वास्तव में तुम पाप रूपी राक्षस के सिर को कुचलती हो। इंद्रियों पर नियंत्रण और उत्तम कर्म से ही यह सब संभव होता है।

# कृषि मंत्री ने 25 किसानों के एक दल को प्रशिक्षण के लिए किया रवाना

संवाददाता

देहरादून। कृषि मंत्री गणेश जोशी ने 25 किसानों के एक दल को तीन दिवसीय प्रशिक्षण के लिए सोलन हिमाचल प्रदेश के लिए हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।



आज यहां प्रदेश के कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने हाथी बड़कला स्थित कैंप कार्यालय से राज्य में किसानो को सघन / अति सघन सेब बागवानी के क्षेत्र में कौशलता ग्रहण करने के लिए जनपद देहरादून के विकासखण्ड चकराता, कालसी एवं सहसपुर से 25 किसानो को तीन दिवसीय प्रशिक्षण के लिए डॉ.वाई. एस. परमार यूनिवर्सिटी ऑफ हॉर्टीकल्चर एण्ड फोरेस्ट्री नौणी, सोलन हिमाचल प्रदेश के लिए हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि जनपद के कृषक सेब उत्पादन के क्षेत्र में नवीन उच्च तकनीकी यथा कटाई छटाई, फल पौध रोपण, उर्वरक, जैविक खाद, बडिग ग्राफ्टिंग, फलो की पैकेजिंग व मार्केटिंग इत्यादि के सम्बन्ध में प्रशिक्षण संस्थान से तकनीकि जानकारी प्राप्त कर स्वयं भी लाभ उठायेंगे एवं अन्य किसानो को भी नवीन एवं उच्च तकनीकि की जानकारी देंगें। जिससे कि राज्य में सेब उत्पादन एवं उत्पादकता में गुणात्मक वृद्धि होगी साथ ही कृषको की आय में वृद्धि होगी। सेब की अति सघन बागवानी से राज्य के कृषको के रोजगार के अवसरो में सृजन होगा तथा पर्वतीय क्षेत्रों से पलायन में कमी आयेगी, भविष्य में इसी प्रकार से किसानो को समय समय पर प्रशिक्षण प्राप्त कराया जायेगा।

इस अवसर पर सरकार में दायित्वधारी कैलाश पंत, मुख्य उद्यान अधिकारी डॉ. मीनाक्षी जोशी, संयुक्त निदेशक डा. सुरेश राम, मुख्य कार्यकारी अधिकारी नरेंद्र यादव सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# चरस के साथ गिरफ्तार

संवाददाता

देहरादून। पुलिस ने चरस के साथ एक को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसको न्यायालय में पेश किया जहां से उसको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सहसपुर थाना पुलिस ने हिन्दूवाला में एक खाली प्लाट के पास एक युवक को संदिग्ध अवस्था में घुमते हुए देखा तो उसको रूकने का इशारा किया। पुलिस को देख वह भाग खडा हुआ। पुलिस ने पीछा कर उसको थोडी दूरी पर ही दबोच लिया। तलाशी लेने पर पुलिस ने उसके कब्जे से 270 ग्राम चरस बरामद कर ली। पूछताछ में उसने अपना नाम आवेश पुत्र आलम निवासी ढाकी बताया। पुलिस ने उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसको न्यायालय में पेश किया जहां से उसको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

# स्वतंत्रता सेनानी परिवार के पंत को किया सम्मानित

संवाददाता

देहरादून। कांग्रेस संगठन ने गांधी जयंती के अवसर पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवार के अवधेश पंत को शॉल ओढाकर सम्मानित किया। ऑल इंडिया कांग्रेस संगठन ने गांधी जयंती के शुभ अवसर पर क्लेमेंट टाउन में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवार के सदस्य अवधेश पंत का शॉल ओढ़ाकर व माला अर्पण कर स्वागत किया। इस अवसर पर ऑल इंडिया कांग्रेस संगठन के प्रदेश अध्यक्ष पीयूष गौर ने कहा कि देश के लिए न्योछावर होने वाले स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिवार को सम्मानित कर वह गर्व महसूस कर रहे हैं सम्मानित करने वालों में से प्रमुख रूप से ऑल इंडिया कांग्रेस संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चंडी प्रसाद गोदियाल, प्रदेश के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अशोक वर्मा, प्रदेश महामंत्री संदीप धूलिया, कार्यकारी अध्यक्ष सलीम अहमद, सुदामा सिंह, भूपेंद्र धीमान, चंद्र प्रकाश, अयूब अकेला, महामंत्री अंजू नहर, शांति देवी, बबली देवी आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।



# कैमिस्ट दुकानदार मिले भाजपा महानगर अध्यक्ष से

संवाददाता

देहरादून। पुलिस पर उत्पीडन का आरोप लगाते हुए कैमिस्ट दुकानदारों ने भारतीय जनता पार्टी के महानगर अध्यक्ष सिद्धार्थ उमेश अग्रवाल से मिले और अपनी समस्याओं से अवगत कराया।



आज भारतीय जनता पार्टी महानगर कार्यालय पर देहरादून के केमिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष नवीन खुराना के नेतृत्व में दर्जनों केमिस्ट दुकानदारों ने महानगर अध्यक्ष सिद्धार्थ उमेश अग्रवाल से देहरादून पुलिस प्रशासन के द्वारा किए जा रहे नियम विरुद्ध छापामारी के खिलाफ विशेष भेंट की। दवा दुकानदारों ने भारतीय जनता पार्टी के महानगर के अध्यक्ष एवं दून उद्योग व्यापार मंडल के कार्यकारी अध्यक्ष सिद्धार्थ उमेश अग्रवाल को अवगत कराया की पुलिस प्रशासन के द्वारा पिछले कुछ दिनों से सभी केमिस्ट की दुकानों पर नियम विरुद्ध छापेमारी की जा रही है। अगर इसी प्रकार चलता रहा तो हम सभी दवा दुकानदारों को हड़ताल के लिए मजबूरन होना पड़ेगा जिसका जिम्मेदार स्वयं पुलिस प्रशासन होगा। दून उद्योग व्यापार मंडल के कार्यकारी अध्यक्ष सिद्धार्थ उमेश अग्रवाल ने सभी दवा दुकानदारों को समझाया कि हड़ताल कि किसी भी समस्या का समाधान नहीं बातचीत समाधान है। तत्पश्चात अध्यक्ष ने उसी समय देहरादून की वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से फोन पर बात कर विषय की विस्तृत जानकारी ली साथ ही अध्यक्ष ने एसएसपी को कहा कि किसी भी दवा दुकानदार पर गलत तरीके से कार्यवाही नहीं की जाए। इस बात पर एसएसपी ने अध्यक्ष को आश्वासन दिया कि किसी भी सही दवा दुकानदार पर कार्यवाही नहीं की जाएगी।

इस अवसर पर केमिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष नवीन खुराना, अरविंद, महामंत्री नवनीत मल्होत्रा, अंकित अग्रवाल, लोकेश शर्मा, बालवीर रावत, भोपाल गुलाटी, योगेंद्र कुमार, अनिल सिंह, पुनीत अग्रवाल, अंजुल गुप्ता, ईश्वर दयाल, संजय मेहंदीरत्ता, मनीष, सुधीर जैन आदि दुकानदार उपस्थित रहे।

# कैबिनेट मंत्री ने राष्ट्रपिता व पूर्व प्रधानमंत्री को किया याद



संवाददाता

मसूरी। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को उनकी जयंती पर याद कर श्रद्धासुमन अर्पित किये।

आज यहां कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने महात्मा योगेश्वर सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कॉलेज, मसूरी में गांधी जयंती एवं लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग कर मंत्री गणेश जोशी ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया साथ ही उन्होंने महात्मा गांधी मूर्ति और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। योगेश्वर सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कॉलेज मसूरी में आयोजित कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने छात्र छात्राओं और उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा गाधी को राष्ट्रपिता के रूप में सम्मानित किया जाता है, क्योंकि उन्होंने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम को अद्वितीय तरीके से नेतृत्व किया और भारतीय स्वतंत्रता संग्राम को एक अद्वितीय अहिंसा और सत्याग्रह के माध्यम से लिया। उन्होंने कहा महात्मा गांधी के दिए गए संदेशों में आहिंसा, सद्ग्रंथ, सर्वोदय और सर्वधम् समानता के मूल्यों का महत्वपूर्ण स्थान है। उन्होंने कहा महात्मा गांधी को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि देने का एक अच्छा तरीका है। हम उनके दिए गए मूल्यों को अपन जीवन में अपनाएं और उनके संदेशों आगे बढ़ाने का प्रयास करें। मंत्री ने पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न लालबहादुर शास्त्री की जयंती पर उन्हें नमन करते हुए कहा जय जवान-जय किसान का नारा देने वाले नारे के द्वारा भारत के दो सबसे बड़े स्तंभ किसान और जवान दोनों को सशक्त किया। इस अवसर पर गांधी सोसायटी अध्यक्ष शैलेंद्र कर्नवाल, मदन मोहन शर्मा, प्रो. गणेश शैली, अशोक अग्रवाल, चंद्र प्रकाश, आभा शैली, राकेश अग्रवाल, ओपी उनियाल, मंडल अध्यक्ष राकेश रावत, पूर्व मंडल अध्यक्ष मोहन पेटवाल, महिला मोर्चा अध्यक्ष गीता कुमाई, आलोक मल्होत्रा सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# लघु व्यापार एसोसिएशन ने किया राष्ट्रपिता व शास्त्री को याद

संवाददाता

हरिद्वार। लघु व्यापार एसोसिएशन ने राष्ट्रपिता व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को याद कर श्रद्धासुमन अर्पित किये।

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर लघु व्यापार एसोसिएशन के प्रांतीय अध्यक्ष संजय चोपड़ा के संयोजन में न्यू प्रथम स्मार्ट वेडिंग जोन के प्रांगण में एक सभा आयोजित की गई सभा में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के चित्रों पर फूल माला अर्पण कर यूपी मुजफ्फरनगर रामपुर तिराहा पर शहीद हुए उत्तराखंड के आंदोलनकारी को भी शतशत नमन करते हुए सार्वजनिक तौर पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। इस अवसर पर संजय चोपड़ा ने कहा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी द्वारा सच्चाई अहिंसा का पाठ पढ़कर देश दुनिया में संघर्ष का नया मार्ग दिखाया था। पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री का नारा जय जवान जय किसान इस नारे को सार्थक करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कृषि वह सुरक्षा के क्षेत्र में गंभीरता से कार्य कर रहे है। उन्होंने कहा यूपी मुजफ्फरनगर रामपुर तिराहे पर जिस प्रकार से उत्तराखंड के आंदोलनकारी अपनी शहादत देखकर हमें अलग से उत्तराखंड राज्य दिया आज तमाम उन शहीदों को शत-शत नमन करते हैं।



इस अवसर पर राजकुमार एंथोनी, सचिन राजपूत ,वीरेंद्र कुमार, मोहनलाल, नंदकिशोर गोस्वामी, हेमंत सिंह, सोनू ,नईम सलमानी, चंदन सिंह रावत, श्याम कुमार ,पंडित मनीष शर्मा, श्रीमती सुमन गुप्ता, श्रीमती मंजू पाल, सुनीता चौहान, सुमित्रा देवी, आशा देवी, राजकुमार कश्यप ,सचिन बिष्ट ,गौरव, मनोज कुमार आदि प्रमुख रूप से शामिल रहे।

# डीएम ने गांधी व शास्त्री को श्रद्धांजलि दे रघुपति राघव का किया गायन

संवाददाता

देहरादून। जिलाधिकारी श्रीमती सोनिका ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर भजन रघुपति राघव राजा राम का गायन किया।



आज यहां राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर जिलाधिकारी श्रीमती सोनिका ने कलेक्ट्रेट परिसर में अधिकारियों /कार्मिकों के साथ गांधी एवं शास्त्री के चित्र पर पुष्प अर्पित किये। इसके उपरान्त गांधी के प्रिय भजन रघुपति राघव राजा राम......, रामधुन का गायन किया गया। जिलाधिकारी ने दोनो महापुरूषों के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि महात्मा गांधी ने देश के लोगों को सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलना सिखाया, अपने हक के लिए अंग्रेजों के जुल्म के खिलाफ शांतिपूर्ण ढंग से लड़ने की प्रेरणा दी। वहीं, लाल बहादुर शास्त्री ने देश को संकल्प शक्ति दी और अनाज उत्पादन के मामले में देश को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में आगे बढ़ाया।

उन्होंने कहा कि हमे इन महापुरुषों के योगदान को याद करके कुछ सीखना चाहिए। उन्होंने कहा कि गांधी एवं शास्त्री के विचारों एवं आदर्शों को हमे अपने जीवन आत्मसात करने की आवश्यकता है, इन महापुरूषों के विचारों को अपने कार्यक्षेत्र में प्रयोग करने पर निःस्वार्थभाव से दृढ़संकल्प होकर कार्य करने की उर्जा मिलती है।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व रामजीशरण शर्मा, उप जिलाधिकारी मुख्यालय शालिनी नेगी, सहायक निदेशक सूचना बी.सी नेगी, नाजिर शिव भक्त बड़थवाल, प्रधान सहायक राजेन्द्र सिंह, रमेश भट्ट, इन्द्रेश कोठारी सहित कलेक्ट्रेट के अधिकारी कर्मचारी शामिल थे।

# आम आदमी पार्टी के पदाधिकारियों ने महात्मा गांधी को स्मरण किया

संवाददाता

देहरादून। आम आदमी पार्टी के पदाधिकारियों ने गांधी पार्क पहुंच महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्प चढाकर उनको याद किया।



आज आम आदमी पार्टी के प्रदेश पदाधिकारी व कार्यकर्ता प्रदेश उपाध्यक्ष आजाद अली के नेतृत्व में पहले गांधी पार्क स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पहुंचे उन्होंने महात्मा गांधी की जयंती पर उन्हें स्मरण करते हुए संयुक्त रूप से माल अर्पण किया एवं तत्पश्चात देश के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती पर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया इस दौरान सभी कार्यकर्ताओं ने एक स्वर में रघुपति राघव राजा राम पतित पावन सीताराम भजन भी गया इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष आजाद अली ने श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा कि महात्मा गांधी देश की उन विभूतियां में शामिल हैं जिन्हें कभी भुलाया नहीं जा सकता। इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष उमा सिसोदिया ने कहा कि महात्मा गांधी सदैव भारत वासियों के दिलों में वास करते रहेंगे।

इस मौके पर गढ़वाल मीडिया प्रभारी रविंद्र सिंह आनंद ने कहा कि जब-जब भारतवर्ष का नाम लिया जाएगा तब तक महात्मा गांधी का नाम भी आभार के साथ लिया जाएगा। इसके बाद सभी पदाधिकारी कचहरी स्थित शहीद स्थल पर पहुंचे और उन्होंने रामपुर तिराहे कांड में शहीद हुए सभी आंदोलनकारी को नाम आंखों से श्रद्धांजलि अर्पित की इसके बाद सभी ने एक स्वर में उत्तराखंड के शहीद अमर रहे के नारे भी लगाए। इस दौरान प्रदेश प्रवक्ता विपिन खन्ना कमलेश रमन अल्पसंख्यक मोर्चे की उपाध्यक्ष रहना परवीन आदि मौजूद थे।

# बापू व शास्त्री की जयंती पर एसडीआरएफ मुख्यालय पर किये श्रद्धा सुमन अर्पित

संवाददाता

देहरादून। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर एसडीआरएफ मुख्यालय पर उनको याद कर श्रद्धासुमन अर्पित किये गये।



आज यहां महात्मा गांधी एवं लालबहादुर शास्त्री की जयंती के शुभ अवसर पर एसडीआरएफ वाहिनी मुख्यालय जॉलीग्रांट में मणिकांत मिश्रा, कमांडेंट एसडीआरएफ द्वारा रघुपति राघव राजा राम की सुर ध्वनि के बीच महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के चित्रों का अनावरण करते हुए माल्यर्पण किया व पुष्प अर्पित किए गए। माल्यार्पण के पश्चात कमांडेंट सर द्वारा अपने उदबोधन में कार्यक्रम में उपस्थित समस्त अधिकारियों व कर्मचारियों को गांधी व शास्त्री के पदचिन्हों पर चलते हुए सदैव अहिंसावादी व सत्यवादी रहने का संदेश दिया गया व अहिंसा व शांति को बढ़ावा देने, सभी मनुष्यों का सम्मान व आदर, सदैव सच्चाई का समर्थन व विश्व में शांति व सौहार्द व एकता स्थापित करने की शपथ भी ली गयी।

सेनानायक द्वारा वाहिनी परिसर में उच्च कोटि की स्वच्छता बनाये रखने के लिए साफ सफाई के लिए उपनल कार्मिक चंद्रेश्वर कुमार, नन्हे कुमार, बॉबी कुमार, करन कुमार, मोहित कुमार को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। सम्पूर्ण कार्यक्रम के दौरान वाहिनी मुख्यालय में उपसेनानायक विजेंद्र दत्त डोभाल, शिविरपाल राजीव रावत, निरीक्षक प्रमोद रावत, श्रीमती ललिता नेगी, जगदम्बा प्रसाद, अनिरुद्ध भंडारी, कर्ण सिंह, उप निरीक्षक जयपाल राणा, विजय प्रसाद, एडिशनल उप निरीक्षक मथुरा प्रसाद एव एसडीआरएफ के अन्य कार्मिक रहे। इसके अतिरिक्त राज्य भर में व्यवस्थापित एसडीआरएफ पोस्टों पर भी महात्मा गांधी जयंती को उल्लासपूर्वक मनाया गया।

# डेढ किलो चरस के साथ गिरफ्तार

संवाददाता

देहरादून। पुलिस ने डेढ किलो चरस के साथ एक को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसको न्यायालय में पेश किया जहां से उसको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह के निर्देशन में मादक पदार्थों की बिक्री/ नशा तस्करों के विरुद्ध अभियान के क्रम में दरोगा प्रवीण कुमार सैनी के द्वारा वन गुज्जर बस्ती कुंजाग्रांट से चैकिंग के दौरान हैदर उर्फ लगंडा पुत्र शहीद निवासी ग्राम कुंजाग्रांट, के कब्जे से 01 किलो 510 ग्राम अवैध चरस बरामद की गयी। जिसके खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया। पुछताछ पर हैदर उर्फ लगडा ने बताया की वह कुन्जा ग्रान्ट का निवासी है तथा वर्तमान उसकी मिर्जापुर सहारनपुर मे कपडे की दुकान है। उसके घर मे उसके पिता सईद माता जरिफा तथा पाँच भाई, मेहताब उर्फ बंटी ,यासीन उर्फ छोटा, शैय्याद, हसीन तथा एक बहन सुल्ताना है सभी शादी हो चुकी है तथा उसकी शादी है पहली पत्नी का नाजमा तथा दुसरी का नाम शबनम है। पहली पत्नी से एक बेटा मयूर व एक बेटी हीना है दुसरी पत्नी से एक पुत्री ताबीर है। वह नशा बेचने का कार्य 2018 से कर रहा है। वह पहले भी कई बार नशा बेचने के अपराध मे जेल जा चुका है। पुलिस ने उसको न्यायालय में पेश किया जहां से उसको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

# एफआरआई में मनायी महात्मा गांधी की 154वी जयंती

संवाददाता

देहरादून। वन अनुसंधान संस्थान में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 154वी जयंती पर उनको याद कर श्रद्धासुमन अर्पित किये गये। आज यहां वन अनुसंधान संस्थान, देहरादून में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 154वीं जयन्ती मनाई गई। कायर्क्रम के शुभारम्भ में संस्थान के दीक्षान्तगृह में डा. रेनू सिंह, निदेशक वन अनुसंधान संस्थान एवं अन्य अधिकारियों ने सवर्प्रथम राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की तस्वीर पर श्रद्वासुमन अपिर्त किये। तत्पश्चात संस्थान निदेशक ने वन अनुसंधान संस्थान के समस्त अधिकारियों एवं कमर्चारियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। आज प्रात: सात बजे से आठ बजे तक संस्थान परिसर में एक सफाई अभियान भी चलाया गया साथ ही साथ संस्थान के प्रभागों व कायालर्यों में प्रात: दस बजे से बारह बजे तक स्वच्छता अभियान भी चलाया गया, जिसमें संस्थान के समस्त अधिकारियों, वैज्ञानिकों एवं कमर्चारियों ने बढ-चढकर हिस्सा लिया। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयन्ती के अवसर पर संस्थान के मुख्य भवन के गुम्बदों पर राष्ट्र ध्वज फहराया गया एवं रात्रि में संस्थान के मुख्य भवन को रोशनी से जगमगाया गया।



# मोबाइल लूट में फरार चल रहा पांच हजार का ईनामी दबोचा

हमारे संवाददाता

हरिद्वार। मोबाइल लूट मामले में लगातार फरार चल रहे पांच हजार के ईनामी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी का एक साथी पूर्व में ही गिरफ्तार किया जा चुका है। जानकारी के अनुसार बीती 5 जून को थाना कनखल पर कामिनी पत्नी मदन सिहं निवासी मौहल्ला चाकलान द्वारा तहरीर देकर बताया गया था कि दो बाईक सवारों द्वारा उनका मोबाइल फोन लूट लिया गया है। मामले में पुलिस ने तत्काल मुकदमा दर्ज कर एक आरोपी को गिरफ्तार कर पूर्व समय में ही जेल भेज दिया गया था। मामले में दूसरा आरोपी कृष्णपाल उर्फ निच्चू उर्फ रुस्तम पुत्र बुद्ध सिंह निवासी दुर्गागढ थाना पथरी लगातार फरार चल रहा था जिसका न्यायालय से गिरफ्तारी वारण्ट भी जारी किया गया था। जिस पर पुलिस द्वारा पांच हजार का ईनाम भी घोषित किया गया था। आरोपी की गिरफ्तारी हेतू पुलिस द्वारा लगातार प्रयास किये जा रहे थे। जिसमें उसे बीती रात सफलता मिली और पुलिस ने एक सूचना के आधार पर फरार आरोपी कृष्णपाल उर्फ निच्चू उर्फ रुस्तम को जियापोता तिराहे से दबोच लिया गया है। जिसे न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है।


## वैधानिक सूचना

सुविज्ञ पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गए तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति वह खुद भी आश्वस्त हो लें। पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहारिक जानकारी कर लें। भविष्य में किसी भी प्रकाशित विज्ञापन व लेख में निहित दावों या शर्तों को लेकर पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो *साध्य दैनिक दून वैली मेल* के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

—प्रबंधक विज्ञापन


# कौन सी बीमारी में केला नहीं खाना चाहिए



केला में भरपूर मात्रा में आयरन और कैल्शियम होता है। लोग इसे व्रत से लेकर ब्रेकफास्ट में खाना पसंद करते हैं। लेकिन इसका मतलब यह बिल्कुल नहीं है कि फल तो आप कभी भी खा सकते हैं। और यह फायदेमंद ही होगा। ज्यादा केला खाने से पेट बंध जाता हैइसलिए केला को सोच समझकर ही खाना चाहिए। क्योंकि यह आपके पेट का पानी सोख लेता है। और मेटाबोलिक रेट स्लो कर देता है। जिसकी वजह से कब्ज की शिकायत हो सकती है। कई बार केला खाना नुकसानदायक भी हो सकता है। ऐसे में सवाल यह उठता है कि किन लोगों को केला नहीं खाना चाहिए?

हाई ब्लड शुगर में

डायबिटीज के मरीज को केला खाना नुकसान पहुंचा सकता है।साथ ही साथ यह आपके शुगर के लेवल को बढ़ा सकता है। केला खाने से तेजी से शुगर स्पाइक हो सकती है। और डायबिटीज की समस्या हो सकती है। इसलिए डायबिटीज के मरीज को केला खाने से बचना चाहिए।

अस्थमा और ब्रोंकाइटिस में

केला खाने से अस्थमा और ब्रोकाइटिस की दिक्कत हो सकती है। केला आपकी एलर्जी को और ज्यादा बढ़ा सकता है। और इससे रिकवरी करने में काफी वक्त लगेगा। इसलिए अगर अस्थमा और ब्रोंकाइटिस की बीमारी से जूझ रहे हैं तो कोशिश करें की केला न खाएं।

खांसी होने पर

खांसी में केला खाने से दिक्कत और बढ़ सकती है। केला बलगम को बढ़ाता है जिसकी वजह से कंजेशन की दिक्कत होती है। साथ ही साथ एलर्जी और सांस लेने की दिक्कत भी पैदा होती है। खांसी की समस्या वाले भूल से भी केला न खाएं। क्योंकि कुछ लोगों को शाम के वक्त केला खाने से खांसी बढ़ जाता है।

माइग्रेन में

केला हिस्टामाइन रिलीज करता है। कुछ ऐसे कंपाउंड्स को बढ़ाता है तो आपकी माइग्रेन की समस्या को बढ़ा सकता है। साथ ही केले में अमीनो एसिड टाइरोसिन होता है जो बॉडी में पहुंचकर टायरामाइन में बदल जाता है। ऐसे में माइग्रेन ट्रिगर हो जाता है।( आरएनएस)

# विटामिन डी की कमी से बार-बार होता है सिर में दर्द

कुछ लोगों को अक्सर सिर में दर्द की शिकायत रहती है। कुछ लोगों को शाम के वक्त सिर में दर्द होने लगता है तो कुछ को सुबह उठते ही सिर में दर्द रहता है। कई बार यह सिर का दर्द इतना ज्यादा बढ़ जाता है कि यह बीमारी का रूप ले लेता है जिसे हम माग्रेन का नाम देते हैं। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि कई बार यह सिरदर्द विटामिन डी की कमी के कारण होते हैं। दरअसल, विटामिन डी ब्रेन एक्टिविटी और न्यूरल फंक्शन को काफी हद तक प्रभावित करती है। जिसकी वजह से रह-रहकर हमारे सिर में दर्द होने लगता है। आइए इस आर्टिकल के जरिए आपको बताते हैं।

किस विटामिन की कमी से सिर में दर्द होने लगता है

विटामिन डी की कमी से सिरदर्द और शरीर में सूजन और आपको न्यूरॉन्स की दिक्कत होने लगती है। इतना ही नहीं विटामिन डी की कमी की वजह से माइग्रेन और दूसरे सिरदर्द होने लगते हैं। यह पहले तो ब्रेन के अंदर सूजन करती है और फिर आपके न्यूरॉन्स को प्रभावित करती है। विटामिन डी की कमी नाइट्रिक ऑक्साइड को बढ़ाकर नर्व इंपल्स को बढ़ाती और सिर में दर्द का कारण बनती है। यह मैग्नीशियम के लेवल को कम करके और मेलाटोनिन का लेवल बढाती है। जिसके कारण सिर में दर्द होने लगता है।

डाइट में ज्यादा से ज्यादा विटामिन डी फूड्स शामिल करें

पनीर

अंडे

सैल्मन, ट्यूना, मैकेरल मछली

दूध

मोटे अनाज जैसे सोया सीड्स

संतरे का जूस

मशरूम

भारत में हर 4 में से एक एडल्ट को हाइपरटेंशन है। इसलिए इससे बचने के लिए अपने डाइट में जितना सुधार कर सकते हैं। उतना सुधार कीजिए। अगर खाने से आपके शरीर को विटामिन डी की पूर्ती नहीं हो रही है तो आप सप्लीमेंट्स भी ले सकते हैं। साथ ही सुबह की धूप लें और हेल्दी खाने और लाइफस्टाइल को ठीक करने की कोशिश करें। (आरएनएस)

## शब्द सामर्थ्य -061


( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**

1. तकलीफ, कष्ट, कठिनाई, परेशानी 3. सरल, सहज 6. ज्ञान प्राप्त करना, शिक्षा लेना 7. विवश, लाचार 8. अत्यधिक ठंडा, सुस्त 9. अच्छे ढंग में गाया जाने वाला सुंदर गीत 11. सूर्य, सूरज 13. वस्त्र आदि धारण कराना 15. अप्रसन्न, नाखुश 16. खिंचाव, आकर्षण शक्ति (उ.) 18. एक रंग, आसमानी रंग 22. सेवा-सत्कार, आवभगत 23. सर्प, सांप, लकड़ी आदि की मूर्ति बनाना।

**ऊपर से नीचे**

1. ह्रदर, उर 2. शिष्टता, भद्रता, विवेक (उ.) 3. अंततः, अंततोगत्वा 4. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 5. आवागमन, गमनागमन 7. पुरुष 8. घोड़े की तेज चाल, तेज गति की दौड़ 10. लूटपाट, डकैती 12. बबार्दी, तबाही 14. नासिका, श्वसनइंद्रीय 17. आखेटक, अरेही 19. योग्य, काबिल 20. कामदेव की पत्नी, प्रेम, आनंद 21. रात्रि, निशा।



### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 60 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| चु | स्त | | मु | | सं | स्था | न | |
| ग | | म | र्दा | न | गी | | त | म |
| ली | प | ना | | | त | न | | |
| | ना | ना | | | | | ज | |
| मा | ह | | रा | | सा | ज | न | |
| न | | स | ह | दे | व | | म | द |
| व | | म | | व | न | ज | | ल |
| ता | क | त | व | र | | मी | | द |
| | ल | ल | क | | क | र | त | ल |



# भूमि पेडनेकर की फिल्म थैंक यू फॉर कमिंग का दूसरा गाना देसी वाइन जारी

भूमि पेडनेकर पिछले कुछ वक्त से अपनी आगामी फिल्म थैंक यू फॉर कमिंग को लेकर चर्चा में हैंइसका निर्देशन रिया कपूर के पति करण बूलानी कर रहे हैं। यह बतौर निर्देशक उनकी पहली फिल्म है।अब निर्माताओं ने थैंक यू फॉर कमिंग का दूसरा गाना देसी वाइन जारी कर दिया था, जिसमें भूमि अपनी पूरी गैंग के साथ जबरदस्त डांस करती नजर आ रही हैंइस गाने को करान, निकिता गांधी, द ऋ और अर्जुन ने मिलकर गाया है। भूमि ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम पर थैंक यू फॉर कमिंग का पहला गाना देसी वाइन साझा किया है। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, इस त्योहारी सीजन में देसी वाइन पर दिल खोलकर नाचेंथैंक यू फॉर कमिंग में भूमि के अलावा शहनाज गिल, कुशा कपिला, डॉली सिंह, करण कुंद्रा, शिबानी बेदी और अनिल कपूर भी हैंरिया और एकता कपूर ने मिलकर इस फिल्म के प्रोडक्शन का काम संभाला हैयह फिल्म 6 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। थैंक यू फॉर कमिंग रोमांटिक कॉमेडी फिल्म है, जो लड़कियों की कामुकता और ख्वाहिशों पर बात करती है। यह एक बोल्ड विषय है और आम तौर पर इसे आज भी वर्जित माना जाता है।

फिल्म में भूमि पेडनेकर ने लीड रोल निभाया है और उनके अनिल के साथ कुछ दिलचस्प दृश्य हैं। वेटरन एक्टर के साथ स्क्रीन स्पेस शेयर करने को लेकर भूमि कहती हैं- शुरुआत में मैं बेहद घबराई हुई थी, लेकिन वो बेहद अच्छे इंसान हैं। उन्हें पता है कि वो लोगों पर किस तरह प्रभाव डालते हैं, इसलिए वो यह सुनिश्चित करते हैं कि जो लोग उनके बड़े प्रशंसक हैं, उन्हें सहज महसूस करवाएं। उनके साथ काम करना बेहद सुकून देने वाला है।

थैंक यू फॉर कमिंग की हाल ही में टोरंटो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में वर्ल्ड प्रीमियर हुआ था, जिसे सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली। फिल्म का पहला गाना हांजी को भी दर्शकों का बेशुमार प्यार मिल रहा है। भूमि की इस साल यह तीसरी रिलीज है। इससे पहले आयीं उनकी दोनों फिल्में भीड़ और अफवाह गंभीर फिल्में थीं, जिनमें मौजूदा दौर के कुछ संवेदनशील मुद्दों को एड्रेस किया गया था। वहीं, थैंक यू फॉर कमिंग एक अहम मुद्दे पर बात करती है, मगर हल्के-फुल्के अंदाज में।

# एनिमल से रश्मिका मंदाना का फर्स्ट लुक जारी, सादगी के कायल हुए फैंस

साउथ एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना जल्द ही एक और बॉलीवुड फिल्म में नजर आएंगी। रश्मिका इस बार बॉलीवुड स्टार रणबीर कपूर के साथ स्क्रीन शेयर करने वाली हैं। एक्ट्रेस अपकमिंग फिल्म एनिमल की लीड हीरोइन हैंफिल्म में वो गीतांजलि का किरदार निभाती नजर आएंगी। आज एनिमल से से रश्मिका का फर्स्ट लुक जारी हो गया है। एक्ट्रेस सिल्क साड़ी पहने काफी संस्कारी अवतार में नजर आ रही हैं। रश्मिका के इस लुक को देख फैंस भी इम्प्रेस हो गए हैं।

बीते कुछ दिनों से मेकर्स एनिमल के पोस्टर जारी कर रहे हैं। पहले रणबीर कपूर के लुक सामने आए थे। इसके बाद दिग्गज एक्टर अनिल कपूर का फर्स्ट लुक देखने को मिला था। अनिल कपूर के बाद अब अब फिल्म से रश्मिका का लुक रिवील किया गया है। एक्ट्रेस काफी ट्रेडिशनल दिख रही हैं। मैरून सिल्क साड़ी में नजरें झुकाएं एकदम भारतीय नारी लुक में रश्मिका की खूबसूरती साफ झलक रही है। फैंस भी रणबीर कपूर के साथ रश्मिका की जोड़ी को देखने के लिए काफी एक्साइटेड हैं।

फिल्म का निर्देशन कबीर सिंह फेम संदीप रेड्डी वांगा ने किया है। निर्माताओं द्वारा बलबीर सिंह के रूप में अनिल कपूर के फर्स्ट-लुक पोस्टर से फैंस को हैरान कर दिया था। अनिल कपूर भी काफी रफ-टफ लुक में दिखे थे। निर्माताओं ने फिल्म की कहानी को लेकर सस्पेंस बना रखा है। पहले, एनिमल सितंबर में सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली थी, इसे जवान के साथ क्लैश होने की वजह से टाल दिया गया। अब यह 1 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म में अनिल कपूर, रश्मिका मंदाना, बॉबी देओल और तृप्ति डिमरी भी हैं।

# सारा का पहली बार पर्दे पर दिखेगा धाकड़ अवतार



सारा अली खान ने फिल्म केदारनाथ से बॉलीवुड में अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत की थी और अपनी पहली ही फिल्म से उन्होंने दर्शकों का दिल जीत लिया था। पिछली फिल्म जरा हटके जरा बचके में भी सारा अपना जादू चलाने में सफल रहीं। बहरहाल, उनके पास कई फिल्में हैं, जिनमें से एक की तैयारी में उन्होंने एड़ी चोटी का जोर लगा दिया है। यह एक एक्शन थ्रिलर फिल्म है, जिसमें सारा की जोड़ी टाइगर श्रॉफ के साथ बनी है।

रिपोर्ट के मुताबिक, सारा जल्द ही एक एक्शन थ्रिलर फिल्म में टाइगर के साथ नजर आएंगी, जो जैकी भगनानी के प्रोडक्शन हाउस के बैनर तले बन रही है। इंडस्ट्री से जुड़े सूत्र ने एंटरटेनमेंट पोर्टल को बताया कि फिल्म में सारा एक ऐसे धाकड़ अवतार में नजर आने वाली हैं, जो अब तक इससे पहले कभी देखने को नहीं मिला। वह खुद को तैयार करने के लिए रूरू (मिश्रित मार्शल आर्ट) में बड़े पैमाने पर प्रशिक्षण ले रही हैं।

रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि सारा ने अब तक देसी गर्ल या रोमांटिक किरदार निभाए हैं और उनकी भूमिकाओं को पसंद भी किया गया है, लेकिन टाइगर अभिनीत फिल्म में वह अपने प्रदर्शन और जोरदार एक्शन दृश्यों से सबको हैरान कर देंगी। इसमें उनका एक अलग ही पक्ष देखने को मिलेगा, जो उनके 5 साल के करियर में अब तक देखने को नहीं मिला। अपने एक्शन से दर्शकों को चौंकाने के लिए सारा ने जी-जान लगा दी है।

सारा नहीं चाहतीं कि फिल्म में उनका एक्शन बनावटी लगे। इसे वास्तविक बनाने के लिए वह कड़ी मेहनत कर रही हैं और रोजाना घंटों एक्शन की प्रैक्टिस करती हैं ताकि पर्दे पर टाइगर से कमतर न दिखें। वह किसी को शिकायत का कोई मौका नहीं देना चाहतीं, इसलिए उन्होंने फिल्म में अपने किरदार के लिए कमर कस ली है। वह अपनी फिटनेस और डाइट पर भी खास ध्यान दे रही हैं। सारा को उम्मीद है कि उनकी मेहनत रंग लाएगी।

इस फिल्म का नाम अभी तय नहीं हुआ है। फिल्म में जहा टाइगर जबरदस्त एक्शन और स्टंट करते दिखेंगे, वहीं सारा भी उनके कदम से कदम मिलाती दिखेंगी। दोनों साथ में दुश्मनों से लोहा लेते दिखेंगे। बताया जा रहा है कि फिल्म एक मिशन पर आधारित होगी। इस फिल्म का निर्देशन जगन शक्ति कर रहे हैं। इसे दुनियाभर के अलग-अलग देशों में शूट किया जाएगा। इस फिल्म के जरिए पहली बार टाइगर-सारा की जोड़ी दर्शकों के बीच आ रही है।

सारा की ऐ वतन मेरे वतन, मर्डर मुबारक और मेट्रो इन दिनों जैसी फिल्में कतार में हैं। उनकी फिल्म जरा हटके जरा बचके 1०० करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर चुकी है। सारा को खुद यकीन नहीं था कि यह फिल्म इतनी बढ़िया कमाई करेगी।

# लाल साड़ी में फैंस के दिलों की धड़कनें बढ़ा गई अनन्या पांडे

बॉलीवुड एक्ट्रेस अनन्या पांडे हमेशा अपने क्यूट एंड ग्लैमरस लुक्स के कारण सोशल मीडिया पर तहलका मचाती रहती हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो वो चंद ही मिनटों में वायरल होने लगती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें शेयर कर फैंस का दिल मचल दिया है। इन तस्वीरों में उनकी खूबसूरती देखकर फैंस की सांसे थम गई हैं। ड्रिमगर्ल 2 फेम एक्ट्रेस अनन्या पांडे आए दिन अपने नए-नए लुक्स फैंस के पीछे शेयर करती रहती हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर अकाउंट पर पोस्ट करती हैं तो लोग उनके लुक्स की तारीफ करते नहीं थकते हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट लुक्स से इंटरनेट पर बवाल मचा दिया है। इन तस्वीरों में आप देख सकते है अनन्या पांडे ने रेड कलर की स्टाइलिश साड़ी पहनी हुई है। अनन्या पांडे अपने इस लुक में काफी बोल्ड नजर आ रही हैं। साथ ही फैंस उनके हुस्न के कायल हो गए हैं। एक्ट्रेस ना सिर्फ वेस्टर्न बल्कि ट्रेडिशनल में भी बेहद कमाल की नजर आ रही हैं। बता दें कि अनन्या पांडे जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनके तस्वीरों पर जमकर लाइक्स करते हैं। दरअसल, ये फोटो अंबानी फैमिली के गणपति महोत्सव की है। इस दौरान एक्ट्रेस के लुक पर फैंस की निगाहें अटकी रह गईं।

# संजय दत्त और टाइगर की नई फिल्म का ऐलान

सुखी और द ग्रेट इंडियन फैमिली ने सिनेमाघरों में दस्तक दी है। आने वाले दिनों में कई शानदार बॉलीवुड फिल्में दर्शकों के बीच आने वाली हैंअब एक और नई फिल्म मास्टर ब्लास्टर का ऐलान हो गया है। यह एक एक्शन कॉमेडी फिल्म होगी और इससे भी खास बात यह है कि इसमें संजय दत्त और टाइगर श्रॉफ पहली बार साथ नजर आएंगे।आइए जानते हैं इससे जुड़ी और क्या जानकारी मिली है।



जाने-माने फिल्म समीक्षक और फिल्म व्यापार विश्लेषक तरण आदर्श ने एक्स (ट्विटर) पर यह जानकारी दीउन्होंने ट्वीट किया, इस खबर की आधिकारिक रूप से पुष्टि हो चुकी है कि संजय दत्त और टाइगर श्रॉफ हेरा फेरी, फिर हेरा फेरी, वेलकम और आवारा पागल दीवाना के निर्माता फिरोज नाडियाडवाला की अगली एक्शन कॉमेडी फिल्म मास्टर ब्लास्टर के लिए साथ आ रहे हैं। फिल्म के प्री-प्रोडक्शन का काम लगभग पूरा हो चुका है। जल्द ही शूटिंग शुरू होने वाली है।

तरण ने अपने पोस्ट में आगे यह भी बताया कि मास्टर ब्लास्टर के ज्यादातर हिस्से की शूटिंग हांगकांग, मकाऊ और मेनलैंडचीन में होगीसिनेमा के इतिहास में पहली बार ऐसा होगा, जब किसी फिल्म में कुछ नए तकनीकी प्रयोग दर्शकों के बीच आएंगेसंजय और टाइगर दोनों एक प्रसिद्ध शाओलिन मास्टर की देख-रेख में अपने किरदार की तैयारी के लिए एडवांस मार्शल आर्ट का कड़ा प्रशिक्षण लेने वाले हैंफिल्म के निर्देशक और हीरोइन की घोषणा जल्द की जाएगी।

बता दें कि संजय और जैकी श्रॉफ ने कई फिल्मों में साथ काम किया है। खलनायक में जैकी पुलिसवाले तो संजय विलेन बने थे। इस फिल्म के बाद दोनों की जोड़ी सुपरहिट हो गई थीमहेश भट्ट के निर्देशन में बनी फिल्म कारतूस में भी दोनों साथ थे।2००7 में आई फिल्म एकलव्य- द रॉयल गार्ड आखिरी फिल्म थी, जिसमें दोनों ने अपनी मौजूदगी दर्ज कराई थीसंजय और जैकी जल्द ही एक बार फिर फिल्म बाप में नजर आएंगे।

टाइगर फिल्म गणपत - पार्ट 1 में नजर आएंगे। बागी 4 और रैम्बो उनके खाते से जुड़ी हैं। वह अक्षय कुमार के साथ फिल्म बड़े मियां छोटे मियां में भी नजर आने वाले हैंउधर संजू बाबा सुपरस्टार गिप्पी ग्रेवाल के साथ अपनी पहली पंजाबी फिल्म शेरां दी कौम पंजाबी में नजर आएंगे। थलापति विजय की फिल्म लियो में भी वह एक खास भूमिका में हैं। डबल आईस्मार्ट द गुड महाराजा और घुड़चढ़ी भी उनकी आने वाली फिल्मों में शुमार हैं। (आरएनएस)

# गांधी जयंती पर दिव्यांग वेलफेयर सोसाइटी ने चलाया सफाई अभियान

संवाददाता

देहरादून। गांधी जयंती पर देवभूमि दिव्यांग वेलफेयर सोसाइटी ने स्वच्छ भारत मिशन के तहत सफाई अभियान चलाया। आज यहां गांधी जयंती के अवसर पर स्वच्छ भारत मिशन के तहत स्वच्छता अभियान के अनुरूप देवभूमि दिव्यांग वेलफेयर सोसाइटी के तत्वाधान में( दिव्यांग क्रिकेट एसोसिएशन के संस्थापक वह पूर्व रणजी ट्रॉफी खिलाड़ी बीसीसीआई लेवल ए क्रिकेट कोच, गिरीश पटवाल देहरादून में दिव्यांग जनों के एक कार्यक्रम में सफाई करते हुए एवं इस कार्यक्रम के तहत लोगों को भी साफ सफाई के प्रति जागरूक रहने का संदेश देते हुए एवं इस मौके पर मौजूद रहे गीता पटवाल, समाजसेवी कुलदीप मलिक, सरोज कुमार, गौतम शर्मा, फुरकान अहमद वह क्षेत्र के अन्य को सम्मानित किया।

# बेटी से छेड़छाड़ का विरोध कर रहे पिता को पीट-पीटकर मार डाला

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ से एक हैरान करने वाला मामला प्रकाश में आया है। यहाँ बदमाशों ने एक पिता को पीट-पीटकर मौत के घाट उतार दिया, जो अपनी बेटी के साथ छेड़खानी किए जाने का विरोध कर रहे थे। यूपी पुलिस ने कहा कि एक व्यक्ति ने रविवार को यहां दम तोड़ दिया, जिसपर उसके पड़ोसियों ने ही पर हमला किया था, जब वो अपनी बेटी से छेड़छाड़ करने का विरोध कर रहा था। पुलिस ने बताया कि यह घटना शनिवार को जवां थाना क्षेत्र के रथगवां गांव में हुई जब सलीम की बेटी अपने घर की छत पर झाड़ू लगा रही थी। लड़की ने देखा कि उसके पड़ोस के घर की छत पर कुछ लोग उसकी तस्वीरें ले रहे थे और उस पर अश्लील टिप्पणियां कर रहे थे। पुलिस ने बताया कि इस बारे में पता लगने पर (लड़की के पिता) सलीम ने अपने बेटे को मामले को देखने के लिए पड़ोसी के घर भेजा। लेकिन, अपने कृत्य पर माफी मांगने के बजाय, आरोपी पड़ोसी लाठी-डंडों से लैस होकर सलीम के घर में घुस गए और परिवार के सदस्यों को बेरहमी से पीटना शुरू कर दिया। पुलिस ने बताया कि आरोपी पड़ोसियों ने सलीम को बुरी तरह पीटा, जिसके बाद उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां रविवार को उसकी मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि मृतक के परिवार के सदस्यों ने अपने पड़ोसी शाहनवाज और दो अन्य पर आरोप लगाते हुए पुलिस में शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद मामला दर्ज किया गया। सर्किल ऑफिसर संजय कुमार जयसवाल ने बताया कि शाहनवाज को गिरफ्तार कर लिया गया है जबकि बाकी दो की तलाश की जा रही है।

## सू- दोकू क्र.061

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 3 | | 7 | | | | 2 | 1 |
| 2 | | | | 9 | | 4 | | |
| | 7 | | 1 | | | | 5 | |
| | | 1 | | 5 | | 2 | | 7 |
| | 5 | | | | 4 | | | |
| | | 4 | | 1 | | 8 | | 5 |
| | | | | | 1 | | | |
| 1 | | 5 | | 3 | | 9 | | |
| | 2 | | 6 | | 5 | | 1 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

## सू-दोकू क्र. 60 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 9 | 5 | 1 | 6 | 3 | 2 | 4 | 7 |
| 3 | 2 | 1 | 9 | 7 | 4 | 8 | 6 | 5 |
| 4 | 7 | 6 | 2 | 5 | 8 | 3 | 9 | 1 |
| 7 | 6 | 9 | 5 | 2 | 1 | 4 | 3 | 8 |
| 1 | 8 | 3 | 4 | 9 | 7 | 6 | 5 | 2 |
| 2 | 5 | 4 | 8 | 3 | 6 | 1 | 7 | 9 |
| 5 | 3 | 8 | 7 | 4 | 2 | 9 | 1 | 6 |
| 6 | 1 | 7 | 3 | 8 | 9 | 5 | 2 | 4 |
| 9 | 4 | 2 | 6 | 1 | 5 | 7 | 8 | 3 |

# भैरव सेना ने आंदोलनकारियों की याद में किया रक्तदान शिविर का आयोजन



संवाददाता

देहरादून। भैरव सेना ने राज्य आंदोलनकारियों की याद में शहीद स्थल पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया।

आज यहां भैरव सेना द्वारा कचहरी परिसर स्थित शहीद स्थल पर पृथक राज्य आन्दोलनकारियों पर पृथक राज्य मांग के दौरान आन्दोलन के अंतर्गत जीवन की आहुति दिये जाने की याद में, रक्तदान शिविर लगाकर विनम्र श्रद्धांजली अर्पित की गई।

बलिदान दिवस के नाम से सम्बोधित रक्तदान शिविर में जिलाध्यक्ष सतीश जोशी के संयोजन में संगठन के सभी सदस्यों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया और रक्तदान कर श्रद्धांजली अर्पित की। भैरव सेना के केंद्रीय अध्यक्ष संदीप खत्री ने कहा कि पृथक उत्तराखंड राज्य, उत्तराखंडियों को कई आहुतियों के पश्चात मिला है।

पृथक राज्य आंदोलन की वीर गाथाएं आने वाली पीढ़ी को गर्व के साथ पता हो इसके लिये भैरव सेना प्रत्येक वर्ष रक्तदान शिविर लगवाकर इस दिवस को उतराखंड बलिदान दिवस के रूप में आयोजित कर एकत्र हुए रक्तदान से कई जरूरतमंदों का जीवन बचाने का प्रयास करेंगे। संगठन की प्रदेश अध्यक्षा अनिता थापा ने कहा की हमारा संगठन उत्तराखंड के प्रत्येक जिलों में आगामी वर्षों में 2 अक्टूबर को बढ़े ही जोर-शोर से बलिदान दिवस के रूप में आयोजित करेगा, ताकि भावी पीढ़ी अपने महानायकों को सदैव सम्मान के साथ स्मरण रखे।

केन्द्रीय मिडिया प्रभारी अनिल थपलियाल ने कहा की बलिदान दिवस पर भैरव सेना द्वारा रेडक्रास सोसाईटी के प्रदेश कोषाध्यक्ष मोहन खत्री की देखरेख में दून ब्लड बैंक के माध्यम से यूनिट रक्त एकत्र किया गया। रक्तदान शिविर में रक्तदान करने वालों में केन्द्रीय अध्यक्ष संदीप खत्री, संजय पंवार, करण शर्मा, सरोज शाह, हिमांशु भट्ट, सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# युवती से छेडछाड मारपीट में मुकदमा दर्ज

संवाददाता

देहरादून। युवती से छेडछाड व मारपीट करने के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार रिस्पना नगर निवासी व्यक्ति ने नेहरू कालोनी थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसकी बेटी जिसकी उम्र 21 साल हैं, वह फौज की तैयारी कर रही हैं। जिसके लिए वह सुबह साढे चार बजे दौड़ने जाती हैं। परन्तु उनके पड़ोस का एक लडका जिसका नाम दहारी है उसने उसकी बेटी को सुबह परेशान किया और अपशब्द (गाली गलोच) भी कहे। इसी के साथ उसका बाल पकड़ लिया। जिस कारण वह बहुत ही दुःखी, परेशान हो गई है। साथ ही साथ जान से मारने की धमकी दी और पूरे मोहल्ले के सामने बेइज्जती की। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# मकान का ताला तोड लाखों के जेवरात व नगदी चोरी

संवाददाता

देहरादून। चोरों ने मकान का ताला तोड वहां से लाखों के जेवरात व नगदी चोरी कर ली। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार डिफेन्स कालोनी निवासी संजीव कुमार ने नेहरू कालोनी थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि वह फरीदाबाद में नौकरी करता है व परिवार के साथ वही रहता है उसकी मां जो उक्त पते पर रहती है जो 24 सितम्बर 23 को उसके साथ फरीदाबाद कुछ दिन के लिए आ गई थी। 29 सितम्बर 23 को उसको पडोसियों के माध्यम से पता चला कि उनके घर का ताला टूटा हुआ है। इस सूचना पर वह तुरन्त अपने परिवार के साथ देहरादून आ गया घर पहूचा तो देखा कि घर का सामान बिखरा पडा है और अन्दर लोहे कि पेटिया की कुडिया उखाड रखी थी। चैक करने पर पता चला कि दो सोने के सैट, हार टॉप्स और नथ, एक लैपटॉप /एक एक कैमरा 1200 /एक घडी लगभग 2500,350 से 400 डालर जो कि उसकी बहन कनाडा रहती है देकर गई थी चोरी हो गया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।



# राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री को दी श्रद्धांजलि

हमारे संवाददाता

देहरादून। संयुक्त नागरिक संगठन के तत्वाधान में सहयोगी संगठनो के प्रतिनिधियों के साथ आज आयोजित हुए श्रद्धा सुमन कार्यक्रम में देशभक्ति की भावनाओं ने जन्म लिया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि आजादी के संघर्ष में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के नेतृत्व में हुए भारत छोड़ो आंदोलन, असहयोग आंदोलन की महत्वपूर्ण भूमिका थी।

गांधी पार्क में आयोजित हुए इस कार्यक्रम मे वक्ताओं ने कहा कि आजादी के लिए ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ हुए संघर्षो ने सभी धर्म और जातियों में बटे देश में सांप्रदायिक सौहार्द, एकजुटता और भाईचारे के जज्बातों को जन्म दिया था। इस भावना को आज और अधिक मजबूत किए जाने की जरूरत हर क्षेत्र में महसूस की जा रही है। देश की विधानसभाओ और संसद में चुने गए



आपराधिक तत्वों ने गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की ईमानदारी, सादगी और सेवा भावनाओं पर कुठाराघात किया है। भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, बेईमानी और धनलोलुपता के कारण इन जनप्रतिनिधियों के खिलाफ अब एक और भारत छोड़ो आंदोलन की आज भी आवश्यकता है। तभी हम राम राज्य की कल्पना कर सकते हैं। कार्यक्रम में गांधीजी की प्रतिमा पर सभी ने पुष्पांजलि अर्पित कर शास्त्री जी और गांधी जी सहित मुजफ्फरनगर कांड में शहीद हुए राज्य आंदोलनकारी के लिए भी एक साथ मौन रखकर श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर उत्तराखंड के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिजनो, सेवानिवृत्त राजकीय पेंशनर्स से संबद्ध सभी संगठनों के पदाधिकारी सहित गौरव सेनानी संगठन, राज्य आंदोलनकारी मंच, आरटीआई क्लब,दून एक्स सर्विस लीग सहित कई संगठनों के लोग मौजूद रहे।

# अयोध्या में महर्षि वाल्मिकी की मूर्ति स्थपित होः मकवाना



देहरादून (सं)। राष्ट्रीय बाल्मीकि क्रांतिकारी मोर्चा के अध्यक्ष भगवत प्रसाद मकवाना ने कहा कि अयोध्या में राम मन्दिर में महार्षि बाल्मीकि की मूर्ति स्थापित की जाये तथा बाल्मीकि प्रकट उत्सव पर राष्ट्रीय अवकाश घोषित किया जाये। आज यहां संगठन के विस्तार एवं महर्षि वाल्मीकि प्रकट उत्सव को लेकर राष्ट्रीय बाल्मिकी क्रांतिकारी मोर्चा की एक मीटिंग डोईवाला केशवपुर बस्ती में हुई। मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष भगवत प्रसाद मकवाना ने प्रकट उत्सव को विभिन्न कार्यक्रमों के जरिए हर्षोल्लास से मनाने की अपील की। साथ ही स्वच्छता कर्मचारियों की समस्या को सुना और डोईवाला नगरपालिका सीईओ से दूरभाष से वार्ता कर उत्पीड़न न करने की हिदायत दी। मीटिंग में बतौर मुख्य अतिथि मकवाना ने अपने संबोधन में कहा कि महर्षि वाल्मीकि ने पवित्र ग्रन्थ रामायण की रचना की और भगवान राम का विश्व से परिचय कराया। रामायण का कई भाषाओं में अनुवाद किया गया। उन्होंने कहा कि अयोध्या के ऐतिहासिक राम मन्दिर में महर्षि वाल्मीकि की मूर्ति स्थापित करने व वाल्मीकि प्रकट उत्सव को राष्ट्रीय अवकाश घोषित करने की केन्द्र सरकार एवं विश्व हिन्दू परिषद से संगठन के माध्यम से मांग की जायेगी। वाल्मीकि प्रकट उत्सव पर आयोजित कार्यक्रमों की श्रंखला में देशभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। मकवाना ने स्वच्छता कर्मचारियों की समस्या को लेकर तत्काल सीईओ से दूरभाष पर वार्ता कर श्रमिक कानून के तहत निर्धारित समय तक कार्य कराने, लंबित मृतक आश्रित नियुक्ति में कार्यवाही करने एवं सरकार द्वारा निर्धारित वेतन देने को कहा मीटिंग में मोर्चा के प्रदेश प्रमुख महामंत्री मदन बाल्मिकी, प्रदेश मीडिया प्रभारी विनोद घाघट,प्रदेश महामंत्री राजीव राजौरी,अशोक मनचल, राजेश मनचल, राजू लोहट, वीरू गोदियाल व सूरज आदि भी उपस्थित थे।

# शहीद राज्यआंदोलनकारी राजेश रावत को दी भावभीनी श्रद्धांजलि

संवाददाता

देहरादून। उत्तराखण्ड आंदोलनकारी संयुक्त परिषद ने 3 अक्टूबर 1994 को करनपुर गोलीकाण्ड में शहीद हुए राजेश रावत को भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

आज यहां उत्तराखंड आंदोलनकारी संयुक्त परिषद के कार्यकर्ताओं ने 3 अक्टूबर 1994 को राज्य प्राप्ति आंदोलन के दौरान करनपुर देहरादून गोलीकांड में शहीद हुए राजेश रावत को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर वरिष्ठ राज्य आंदोलनकारी प्रभात डंडरियाल व उत्तराखंड आंदोलनकारी संयुक्त परिषद के जिला अध्यक्ष सुरेश कुमार ने कहा कि राजेश रावत को सच्ची श्रद्धांजलि यही होगी कि राज्य का चहुमुखी विकास हो। परिषद के कार्यकर्ता ने शहीद हुए शहीद राजेश रावत को श्रद्धांजलि देने वालों में आंदोलनकारी संयुक्त परिषद के संरक्षक नवनीत गोसाई, जिला अध्यक्ष सुरेश कुमार, प्रभात डंडरियाल, विपुल नौटियाल, धर्मानंद भट्ट आदि शामिल रहे।

# डेंगू महामारी में भी नहीं चल रहा है आयुष्मान कार्डःशर्मा

संवाददाता

देहरादून। कांग्रेस के पूर्व महानगर अध्यक्ष लालचंद शर्मा ने कहा कि डेंगू महामारी का प्रकोप बढ रहा है वहीं कुछ अस्पतालों ने आयुष्मान कार्ड नहीं चल रहा है जिससे लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड रहा है। आज यहां कांग्रेस के पूर्व महानगर अध्यक्ष लालचंद शर्मा ने कहा कि प्रदेश में जहां इस समय डेंगू महामारी का प्रकोप बढ़ा हुआ है वही कुछ अस्पतालों में इस वक्त आयुष्मान कार्ड नहीं चल रहा है जिससे जरूरतमंद लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कुछ लोग मजबूरी में मोटा पैसा देकर निजी अस्पतालों में इलाज कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि दरअसल डेंगू के बढ़ते हुए मामलों को देखकर सरकारी अस्पतालों में बेड नहीं है जिससे वहां पर इलाज नहीं हो पा रहा है जरूरतमंद को बहुत मजबूरी में अपने मरीज को लेकर निजी अस्पताल में पहुंच रहे हैं लेकिन कुछ निजी अस्पतालों में आयुष्मान कार्ड की सुविधा नहीं है जिससे लोगों को वहां से भी मायूस होकर लौटना पड़ रहा है तो कुछ मजबूरी में वहां अपना इलाज कर रहे हैं इसकी एवज में उन्हें मोटी फीस देनी पड़ रही है। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग से मांग है कि वह सभी निजी अस्पतालों में आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध कराए।

# जेल विकास बोर्ड की बैठक में कैदियों की न्यूनतम मजदूरी बढ़ाने का लिया निर्णय

संवाददाता



देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में सचिवालय में जेल विकास बोर्ड की पहली बैठक में कारागारों में श्रम में नियोजित बन्दियों के न्यूनतम मजदूरी दरों को बढ़ाने का निर्णय लिया गया। दैनिक पारिश्रमिक कुशल के लिए 67 रूपये से बढ़ाकर 85 रूपये, अर्द्धकुशल के लिए 52 रूपये से बढ़ाकर 65 रूपये और अकुशल के लिए 44 रूपये से बढ़ाकर 55 रूपये दिये जाने का निर्णय लिया गया। राज्य के सभी कारागारों में बेकरी यूनिट की स्थापना की जायेगी। 02 फरवरी 2023 को जिला कारागार देहरादून में मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा बेकरी यूनिट का शुभारंभ किया गया, इसके अच्छे परिणाम आने के बाद यह निर्णय लिया गया। बैठक में सम्पूर्णानन्द शिविर (खुली जेल) सितारगंज में अच्छी नस्ल की 10 गाय क्रय करने पर सहमति बनी। सम्पूर्णानन्द शिविर (खुली जेल) सितारगंज में शिविर की 05 बीघा भूमि पर विभिन्न प्रजाति के फलदार तथा औषधीय पौधों की पौधशाला की स्थापना के लिए बैठक में सहमति बनी। इसके लिए प्रशिक्षण, देखरेख एवं खरीद की सभी व्यवस्था उद्यान विभाग करेगा। इस पौधशाला केन्द्र से 50 से 60 बंदियों को श्रम पर नियोजित किया जा सकेगा।

बैठक में निर्णय लिया गया कि कारागारों में निरूद्ध बन्दियों के कौशल विकास के लिए कौशल विकास विभाग द्वारा प्रशिक्षण दिया जायेगा। बन्दियों की रूचि एवं योग्यता के अनुसार विद्युतकार, वेल्डर, कारपेन्टर, सिलाई, बढ़ई जैसे व्यवसायों का प्रशिक्षण दिया जायेगा। पहले चरण में 500 बन्दियों को प्रशिक्षित किये जाने का लक्ष्य रखा गया है। बन्दी वस्त्रों की धुलाई के लिए देहरादून और हरिद्वार कारागारों में लॉड्री मशीन की व्यवस्था की जायेगी। जिला कारागार, हरिद्वार में संचालित पावरलूम उद्योग का आधुनिकीकरण किया जायेगा। कारागारों में निर्मित उत्पादों की बिक्री के लिए यदि विभागों को उत्पाद की गुणवत्ता और कीमत सही लगती है, तो क्रय करने की अनुमति दी जायेगी। फर्नीचर उद्योग के लिए इमारती लकड़ी की खरीद के लिए वन निगम से वार्ता करने के निर्देश दिये गये। मुख्यमंत्री ने बैठक में सचिव न्याय को भी जेल विकास बोर्ड का सदस्य बनाने के निर्देश दिये। मुख्यमंत्री ने कहा कि कारागारों में बन्दियों के स्वास्थ्य की देखभाल के लिए रिक्त 11 चिकित्सकों के पदों की उपलब्धता के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा कैबिनेट में प्रस्ताव लाया जाय। बैठक में मुख्य सचिव डॉ. एस. एस. संधु, अपर मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी, श्री आनन्द बर्द्धन, सचिव विजय कुमार यादव, आईजी जेल श्रीमती बिमला गुंज्याल, एआईजी श्री यंशवंत सिंह, अपर सचिव स्वास्थ्य श्रीमती अमनदीप कौर, अपर सचिव गृह श्री अतर सिंह एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# उक्रांद ने किये जिला प्रभारी घोषित, हरिद्वार से रावत व दून से वशिष्ठ नियुक्त

संवाददाता

देहरादून। उत्तराखण्ड क्रांति दल के नवनिर्वाचित केन्द्रीय अध्यक्ष ने जिला प्रभारी की सूची जारी करते हुए दून का प्रभारी रविन्द्र वशिष्ठ व हरिद्वारा का बहादुर सिंह रावत को नियुक्त किया।

आज यहां उत्तराखंड क्रांति दल के नव निर्वाचित केंद्रीय अध्यक्ष पूरण सिंह कठैत द्वारा संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने के लिए सर्व प्रथम जिला प्रभारी नियुक्त किये हैं। कठैत का स्पष्ट दिशा निर्देश हैं कि जिला प्रभारी के पश्चात् नगर, ब्लॉक, न्याय पंचायत से लेकर बूथ प्रभारियों को नियुक्त किया गया हैं। इसलिए जिला प्रभारियों की नियुक्ति की गयी उनमें दिल्ली प्रदेश प्रतापशाही, सह-प्रभारी डॉ बिहारी लाल जालनधरी, हरिद्वार बहादुर सिंह रावत,. देहरादून रविन्द्र वशिष्ठ, उत्तरकाशी जय प्रकाश उपाध्याय, टिहरी पंकज व्यास, पौडी महेन्द्र रावत, चमोली राजेंद्र बिष्ट, उधम सिंह नगर आनंद सिंह असगोला, नैनीताल सुशील उनियाल, बागेश्वर भुवन जोशी, चम्पावत शिव सिंह रावत, अल्मोड़ा इंद्र सिंह मनराल, पिथौरागढ़ रमेश थलाल, डीडीहाट भानू मेहरा, काशीपुर हरजाप, हल्द्वानी श्याम सिंह नेगी, हरिद्वार महानगर श्रीमती सरिता पुरोहित,महानगर देहरादून बृजमोहन सजवाण, ऋषिकेश मोहन सिंह असवाल, रूद्र प्रयाग विजयन्त सिंह निजवाला, श्रीनगर महानगर सतेंद्र भट्ट को प्रभारी नियुक्त किया गया है।

# 'एक शाम हिंदुस्तान के नाम' कार्यक्रम में रही देश भक्ति गीतों की धूम

कार्यालय संवाददाता






देहरादून। सीआरपीएफ के उत्तराखण्ड और पश्चिम उत्तरप्रदेश के मुखिया भानु प्रताप सिंह के अपना परिवार द्वारा आयोजित एक शाम हिंदुस्तान के नाम कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहाँ की अपना परिवार द्वारा आयोजित एक शाम हिंदुस्तान के नाम कार्यक्रम के साथ महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती है इन दोनों महान व्यक्तिओं को नमन करते हुए मैं अपना परिवार के द्वारा आयोजित देश भक्ति पर आधारित एक शाम हिंदुस्तान के नाम कार्यक्रम की जितनी सराहना करू कम है। आज जब हिंदुस्तान पूरे विश्व में अपना परचम लहरा रहा है तो एसे में हम सब भी मिल कर जो खुशिया मना रहे हैं। वह हर हिंदुस्तानी की लिए गर्व का समय है ।

एक शाम हिंदुस्तान के नाम कार्यक्रम की शुरुआत राज्य सभा सांसद नरेश बंसल, कैबिनेट मंत्री प्रेम चंद अग्रवाल, कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी, दून के मेयर सुनील उनियाल गामा, राज्य मंत्री मधु भट्ट, सुभारती ग्रुप के चेयरमैन अतुल भटनागर, पूर्व आईजी पुष्पक ज्योति और कई गणमान्य व्यक्तियों ने दीप पज्वलन कर किया।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए अध्यक्ष पुरुषोत्तम भट्ट ने कहाँ अपना परिवार का मकसद सिर्फ सयुक्त परिवार की परिकल्पना को साकार करना है । वरिष्ठ पत्रकार एवम् समाजसेवी संजय श्रीवास्तव ने सबका आभार व्यक्त करते हुए कहाँ की इस भाग दौड़ की जिंदगी में जब आदमी शुबह से शाम तक केवल काम ही काम में लगा हो ऐसे में सामाजिक संगठन अपना परिवार देश भक्ति पर आधारित कार्यक्रम को आयोजित कर यह संदेश देने का प्रयास कर रही है की राष्ट्र प्रथम ये इस भाग दौड़ की जिंदगी में जब आदमी शुबह से शाम तक केवल काम ही काम में लगा हो ऐसे में सामाजिक संगठन अपना परिवार देश भक्ति पर आधारित कार्यक्रम को आयोजित कर यह संदेश देने का प्रयास कर रही है की राष्ट्र प्रथम है ।

कार्यक्रम में अध्यक्ष पुरुषोत्तम भट्ट, संजय श्रीवास्तव, संदीप उनियाल , राकेश काला, दिनेश शर्मा, गौरव त्रिपाठी, कार्तिक बंसल, विनीत नगपाल, आशा रावत, गीतांजलि नेगी, सुमन सकलानी, शशि नेगी, विक्रम श्रीवास्तव, बबीता पाल सहित अपना परिवार के सैकडो लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम में छोटे छोटे बच्चों के साथ पीयूष निगम, संदीप अग्रवाल, संजीव वर्मा सहित कई लोगो ने दिल को छूने वाली प्रस्तुति दी ।

## एक नजर

# महिला ने 10 मिनट के भीतर 6 बच्चों को जन्म दिया

नई दिल्ली। ब्राजील में एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। यहां पर एक महिला ने 10 मिनट के भीतर दो या तीन नहीं, बल्कि 6 बच्चों को जन्म दिया है। इन छह बच्चों में से एक तो इतना ज्यादा छोटा है कि वह डॉक्टर के हाथों में ही आसानी से समा गया। इन बच्चों की मां का नाम क्वेजिया रोमुआल्डो है। क्वेजिया के सभी छह बच्चे हेल्दी हैं। जिस किसी ने भी ये मामला सुना, वह हैरान रह गया और सोच में पड़ गया कि आखिर ऐसा कैसे हो सकता है। कुछ लोगों ने इसे अजूबा तक करार दिया। क्वेजिया और उनके पति मैगडिल कोस्टा अप्रैल में ही छह बच्चों के माता-पिता बनने वाले थे। उन्हें डॉक्टर्स ने बताया था कि क्वेजिया के पेट में छह बच्चे हैं। दोनों पहले ही एक पांच वर्षीय बच्चे के पैरेंट्स हैं। हालांकि, उन्होंने अपने होने वाले छह बच्चों को ध्यान में रखते हुए ब्राजील का कोलाटिना शहर में अपने घर को रेनोवेट भी करवा लिया था। मगर, उन्हें पैरेंट्स बनने के लिए अक्टूबर तक का इंतजार करना पड़ा। डॉक्टर्स को भी इस डिलीवरी के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी। सात सितंबर को क्वेजिया को अस्पताल में भर्ती किया गया और फिर चार हफ्तों बाद उसने कोलाटिना के अस्पताल में छह बच्चों को जन्म दिया है। इसके लिए डॉक्टर्स को सर्जरी करनी पड़ी। क्वेजिया की डिलीवरी के लिए कुल मिलाकर 32 मेडिकल प्रोफेशनल्स को लगाना पड़ा, जिसमें डॉक्टर्स, नर्स, फिजियोथेरेपिस्ट, नर्सिंग टेक्निशियन, एनेस्थेटिक और पीडियाट्रिशियन शामिल हैं।



# लोगों का करोड़ों रुपये लेकर कम्पनी फरार

संवाददाता

देहरादून। लोगों के करोड़ों रूपये लेकर जनशक्ति मल्टीस्टेट सोसायटी कम्पनी फरार हो गयी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रतीत नगर डाण्डी निवासी सुरेन्द्र सिंह बुटोला ने रायवाला थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि रायवाला में जनशक्ति मल्टीस्टेट सोसाईटी का कार्यालय खोला गया था। जिसमें अनिल रावत निवासी ढालवाला ऋषिकेश के द्वारा रायवाला कार्यालय के लिए प्रदीप भण्डारी पुत्र धन सिंह भण्डारी निवासी प्रतीत नगर डाण्डी को कार्यालय के लिए मैनेजर नियुक्त किया गया था जिसमें उसके द्वारा 15 दिसम्बर 2015 को सात लाख पचास हजार रूपये पांच वर्ष के लिए एफ. डी. खुलवाई गई थी। जिसकी मिचुयरटी 2022 को पूर्ण हो गयी है। लेकिन उक्त कम्पनी वर्ष 2021 में अपना कार्यालय बन्द कर भाग गई। इस कम्पनी में रायवाला गाँव के नरेन्द्र प्रसाद, रानी देवी, मुकेश विष्ट, बैशाखी देवी, अरविन्द कुमार बसंत बल्लभ, संदीप नेगी, देवेन्द्र कुशवाह, अंजली पाण्डेय, तेन सिंह सजवाण, संध्या तिवाड़ी के द्वारा रूपये कम्पनी में जमा करवाया गया था। यह कम्पनी सभी लोगों का पैसा लेकर फरार हो गई।

# भारतीय अरबपति और उनके बेटे की हुई विमान दुर्घटना में मौत !

हरारे। जिम्बाब्वे में सोना, हीरे और कोयला खनन में रुचि रखने वाले भारतीय अरबपति और उनका बेटा उन छह व्यक्तियों में शामिल थे, जिनकी विमान दुर्घटना में जान चली गई। सरकारी संडे टाइम्स अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, एकीकृत खनन और धातुकर्म कंपनी रियोजिम के मालिक हरपाल रंधावा 29 सितंबर को राजधानी हरारे से दक्षिण-पश्चिमी जिम्बाब्वे में मुरोवा हीरा खदान के लिए उड़ान भर रहे थे, जब विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। पुलिस ने कहा कि विमान, जो कथित तौर पर रियोजिम का था, माशावा के जवामांडे इलाके में दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिससे उसमें सवार सभी छह लोग मारे गए, जिसमें चार विदेशी और दो जिम्बाब्वे के लोग शामिल थे। ऐसा संदेह है कि यह दुर्घटना किसी यांत्रिक खराबी के कारण हुई है। पुलिस ने कहा, "जिम्बाब्वे पुलिस ने एक विमान दुर्घटना की रिपोर्ट दी है, जो 29 सितंबर को सुबह 7.30 से 8 बजे के बीच हुई, जिसमें छह लोगों के मारे जाने की पुष्टि हुई है।" उन्होंने कहा, "व्हाइट और रेड जकैम विमान सुबह 6 बजे हरारे से खदान के लिए निकला था और माशावा से लगभग 6 किमी दूर दुर्घटनाग्रस्त हो गया।" रियोजिम, जो पहले ब्रिटिश-ऑस्ट्रेलियाई खनन समूह रियो टिंटो का हिस्सा था, ने दुर्घटना की पुष्टि की और कहा कि वह अधिक जानकारी इकट्ठा करने के लिए संबंधित अधिकारियों के साथ काम कर रहा है। जिम्बाब्वे रिपब्लिक पुलिस (जेडआरपी) के प्रवक्ता, सहायक आयुक्त पॉल न्याथी ने स्थानीय मीडिया को बताया कि वे अभी भी इस बारे में और जानकारी जुटाने की प्रक्रिया में हैं। रंधावा 4 बिलियन डॉलर की निजी इक्विटी फर्म जीईएम होल्डिंग्स के संस्थापक भी हैं।



## -एसटीएफ की नशा तस्करों पर जबरदस्त स्ट्राइक-

# रोडवेज बस ड्राइवर सहित तीन अंतर्राज्यीय नशा तस्कर दबोचे

हमारे संवाददाता

देहरादून। नशा तस्करी के बड़े नेटवर्क का खुलासा करते हुए एसटीएफ की एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स द्वारा रोडवेज बस ड्राइवर सहित तीन अंतर्राज्यीय नशा तस्करों को 521 ग्राम स्मैक सहित गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों के कब्जे से तस्करी में प्रयुक्त दो बाइक भी बरामद की गयी है। वहीं आरोपियों के अनुसार वह बरामद स्मैक यूपी पुलिस के एक सिपाही से लेकर आये थे जिसकी जांच की जा रही है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एसटीएफ आयुष अग्रवाल ने इस सम्बन्ध में जानकारी देते हुए बताया कि बीते एक सप्ताह से एसटीएफ को सूचनाए मिल रही थी कि उत्तराखण्ड में कुछ अर्तराज्यीय तस्कर सक्रिय है जो नशे की एक बड़ी खेप सहित आने वाले है। सूचना पर कार्यवाही करते हुए एसटीएफ की एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स द्वारा मामले की छानबीन शुरू कर दी गयी। छानबीन में सूचना सही पाये जाने पर बीती शाम एएनटीएफ टीम द्वारा रूद्रपुर में उक्त नशा तस्करों की गिरफ्तारी हेतु जाल फैलाया गया। जिसके बाद एएनटीएफ टीम द्वारा दो बाइक सवार तीन लोगों को दबोचा गया। तलाशी के दौरान उनके पास से 521 ग्राम स्मैक बरामद हुई। पूछताछ में उन्होने अपना नाम आम पुत्र अनीश अहमद निवासी बाग्गी थाना गंज रामपुर उत्तर प्रदेश, गुरदीप सिंह पुत्र बलविन्दर सिंह निवासी बिसरात नगर रामपुर उत्तर प्रदेश व जीशान अली पुत्र नबी अहमद निवासी मिलंक मंडी रामपुर उत्तर प्रदेश बताया। बताया कि वह बरामद स्मैक रामपुर में तैनात यूपी पुलिस के एक कांस्टेबल जिसका नाम रविकांत है से लेकर आये थे। जिसको उन्होने रूद्रपुर के इंदिरा चौक पहुंचाना था। बहरहाल एसटीएफ द्वारा इस मामले में यूपी पुलिस के कांस्टेबल की संलिप्तता की जांच कर रही है। बरामद स्मैक की कीमत 55 लाख रूपये आंकी गयी है। वहीं एसटीएफ के अनुसार गिरफ्तार किये गये तस्करों में गुरदीप सिंह यूपी रोडवेज का बस ड्राइवर है। जिसको उसके साथियों सहित न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है।



## ❑55 लाख की स्मैक बरामद

# पति पत्नी ने एक दूसरे के खिलाफ लिखवाया मुकदमा




संवाददाता

देहरादून। पति पत्नी में विवाद पर दोनों ने एक दूसरे के खिलाफ मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार शान्ति मार्ग हरिपुर कला निवासी क्षमा गुप्ता ने रायवाला थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसने अपने जीवनयापन व अपने पुत्र का भरण पोषण हेतु व्यपार शान्ति कुँज यूनिवर्सिटी के सामने गली मे अपना व्यापार करती है और पर उसका गोदाम भी पास मे है जिसमे उसका पति मनीष गुप्ता ने 30 सितम्बर 2023 को मार पीटकर उसके गोदाम का ताला तोडकर उसका सारा सामान खोलकर गायब कर दिया मनीष की मारपीट का उसने मेडिकल कराया है। उसकी दुकान मे लगे बाहर सीसीटीवी कैमरो को निकाल कर गायब कर दिया। वहीं दूसरी तरफ मनीष ने रायवाला थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि आज समय लगभग 11 बजे के करीब क्षमा गुप्ता उसकी दुकान के अन्दर आयी और तोडफोड करने लगी। उसका और क्षमा गुप्ता का कानूनी विवाद चल रहा जो न्यायलय मे है और उसकी प्रोपर्टी पर कोर्ट से इस्टे आर्डर भी मिला हुआ है जिसको क्षमा गुप्ता मानने को त्यार नही है जिस पर वो उसके ऊपर रोज कोई ना कोई हमला कर रही है।

# श्री गुरु रामराय दरबार के श्रीमहंत देवेन्द्र दास सहित चार पर मुकदमा दर्ज

हमारे संवाददाता

हरिद्वार। श्री गुरु रामराय दरबार के श्रीमहंत देवेंद्र दास सहित चार लोगों के खिलाफ कनखल की एक संपत्ति हड़पने के लिए फर्जी दस्तावेज बनाने के आरोप में पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया गया है। यह मुकदमा न्यायालय के आदेश के बाद दर्ज किया गया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शिवदत्त जोशी निवासी मोहल्ला इमली कनखल, हाल निवासी ग्राम मिस्सरपुर ने कोर्ट में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उन्होंने 12 अप्रैल 2004 को मोहल्ला इमली में मदन लाल शर्मा से भूखंड खरीदा था। जिस पर टीनशेड डालकर उनका कब्जा चला आ रहा है। नगर पालिका और नगर निगम में कर जमा किया जा रहा है। पानी का बिल भी जमा किया जाता है। आरोप है कि श्रीमहंत देवेन्द्र दास शिष्य ब्रह्मलीन महन्त इंदिरेश दास सज्जादानशीन दरबार श्री गुरुराम राय जी महाराज झण्डा मोहल्ला देहरादून ने अभिषेक शर्मा निवासी मोहल्ला इमली कनखल, रामस्वरूप रतूड़ी, निवासी मारवाड़ी हरिद्वार व अरुण मिश्रा निवासी डाट मंडी ज्वालापुर के साथ मिलकर धोखाधड़ी व कूटरचना कर एक फर्जी दस्तावेज बनाया। जिसमें सहारनपुर राजस्व रिकार्ड की फर्जी मोहर आदि लगवाकर किसी महंत लक्ष्मणदास उदासी का नाम लिखा गया। उन्होंने सहारनपुर राजस्व विभाग से जानकारी ली तो ऐसा कोई रिकार्ड नहीं पाया गया। आरोप लगाया कि एक ऐसे साधु की तलाश की गयी, जिसका नाम महंत लक्ष्मण दास हो और श्री महंत देवेन्द्र दास के गुरु महंत इंदिरेश व महंत इंदिरेश के गुरु लक्ष्मण दास दर्शित करते हुए फर्जी दस्तावेज तैयार कराया। एसओ ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

# फांसी लगाकर दी जान

हमारे संवाददाता

हरिद्वार। जिलाधिकारी कार्यालय में तैनात एक कर्मचारी द्वारा आज कार्यालय में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली गयी है। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अग्रिम कार्यवाही शुरू कर दी है।मृतक का नाम कमल कुमार बताया गया है। कमल कुमार के आत्महत्या करने से कार्यालय में हड़कंप मच गया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया वहीं अब पुलिस मामले की जांच कर रही है। बताया जा रहा है कि मृतक कमल कुछ दिनों से परेशान था। वहींइस घटना के बाद डीएम हरिद्वार द्वारा हरिद्वार तहसील में आयोजित होने तहसील दिवस को स्थगित कर दिया गया है।

आर.एन.आई.- 59626/94

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती पुष्पा कांति कुमार द्वारा दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग घंटाघर, देहरादून से प्रकाशित तथा अवि प्रिंटर्स 21 ईसी रोड, देहरादून से मुद्रित।

*प्रधान संपादक*
**कांति कुमार**

*संपादक*
**पुष्पा कांति कुमार**

*समाचार संपादक*
**आनंद कांति कुमार**

**कानूनी सलाहकार:**
**वी के अरोड़ा, एडवोकेट**
**बैजनाथ, एडवोकेट**

**कार्यालय: दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग देहरादून।**
**मो. 9358134808**

*नोट: सभी विवादों के लिये देहरादून न्यायालय ही मान्य होगा, प्रकाशित सामग्री के लिए प्रिंटर्स की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।*